डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

ऑन–लाइन आवेदन हेतु आवश्यक सूचना

Supplementary Exam

[II Proff.-MBBS (batch-2017-18/2016-17 And III Proff. Part-I-MBBS (batch-2016-17]

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध टी0एस0 मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल, लखनऊ में संचालित MBBS पाठ्यक्रम की [II Proff.-MBBS (batch-2017-18/2016-17 And III Proff. Part-I-MBBS (batch-2016-17] की सप्लीमेण्ट्री परीक्षायें आगामी माह फरवरी, 2021 में प्रस्तावित है, जिसमें प्रतिभागिता हेतु संबंधित अर्ह विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यवस्थानुसार समयबद्ध ऑन लाइन परीक्षा आवेदन भरा जाना सुनिश्चित करें:–

1). उपर्युक्तानुसार सम्बन्धित अर्ह विद्यार्थी से अपेक्षित है कि वे **दिनांक 30.01.2021 से दिनांक 06.02.2021** तक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://dsmru.up.nic.in पर प्रदर्शित लिंक https://govexams.com/ dsmnru/login.aspx से अपने नामांकन संख्या/अनुक्रमांक (EnrollmentNo./RollNo.) के माध्यम से Login करते हुए संबंधित पाठ्यक्रम की सप्लीमेण्ट्री परीक्षा हेतु आवेदन प्रपत्र को ऑन–लाइन भरना सुनिश्चित करें।

2). आवेदन करने वाले विद्यार्थी, बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा मोहान रोड, लखनऊ में Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow (Affiliation Account) के नाम से संचालित खाता संख्या 36510100007244 (IFSC-BARB0MOHAAN) में **निर्धारित परीक्षा शुल्क प्रति विषय रू0 3,500/–(रूपये तीन हजार पॉच सौ रूपये मात्र)** की दर से शुल्क–धनराशि को RTGS/ NEFT के माध्यम से अनिवार्य रूप से ऑनलाइन जमा करेंगे। ऑन लाइन आवेदन–प्रपत्र एवं निर्धारित व्यवस्थानुसार परीक्षा शुल्क को जमा किये बिना उक्त परीक्षा सम्पादित नहीं कराई जायेगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विद्यार्थी/संबंधित संस्थान की होगी।

3). परीक्षार्थियों से अपेक्षित है कि ऑन लाइन आवेदन प्रपत्र में समस्त प्रविष्टियॉ सावधानीपूर्वक स्वयं भरें, विश्वविद्यालय कार्यालय में आवेदन प्राप्त होने के उपरान्त किसी भी प्रकार के संशोधन/परिमार्जन का अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा और न ही शुल्क वापसी की जायेगी।

4). विद्यार्थी ऑन–लाइन भरे हुए परीक्षा–आवेदन पत्र एवं जमा किये शुल्क की रसीद (मय संलग्नक सहित) की एक प्रति अपने पास अवश्य सुरक्षित रखें तथा उसकी एक स्वहस्ताक्षरित प्रति (मय संलग्नक सहित) अपने संबंधित संस्थान/महाविद्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

5). ऑन लाइन सबमिशन की किसी भी समस्या के निवारण हेतु **हेल्प लाइन नं0–8737036906** पर सम्पर्क करें, अपूर्ण आवेदन किसी भी दशा में मान्य नहीं होगा, जिसके लिये आवेदक/संबंधित संस्थान स्वयं उत्तरदायी होगे।

6). **ऑन लाइन परीक्षा आवेदन–प्रपत्र भरते समय संलग्नक हेतु आवश्यक अभिलेख/निर्देशः–**

1. 30-50KB साइज की स्कैन्ड फोटो, 10-30KB साइज की स्कैन्ड हस्ताक्षर सॉफ्ट कॉपी रखें।
2. 30-50KB साइज में जमा किये गये परीक्षा शुल्क सम्बंधी अभिलेख की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी।
3. दिव्यांग विद्यार्थी हेतु दिव्यांगता प्रमाण–पत्र की स्कैन्ड सॉफ्ट कॉपी।
4. फोटाग्राफ, हस्ताक्षर, अन्य अभिलेख किसी एक प्रारूप **.jpeg, .jpg, .png, .tif** में होना चाहिए।

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक

पत्रांकः COE-206/DSMNRU/COE-24Vol-II/TSM/MBBS/Suppl.Exam-Feb 2021/2020-21 दिनांक 22.01.2021

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव, विश्वविद्यालय।
3. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
4. प्राचार्य, टी0एस0 मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से भी विद्यार्थियों को तत्काल सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड–कॉपी (मय संलग्नक, अनिवार्य रूप से जमा किये गये परीक्षा शुल्क सम्बंधी अभिलेख सहित) सूचीबद्ध विवरण सहित यथाशीघ्र अनिवार्य रूप से प्रेषित करने का कष्ट करें।
5. सिस्टम एनॉलिस्ट, विश्वविद्यालय को वेबसाइट पर तत्काल अपलोड करने हेतु।
6. परीक्षा विभाग के समस्त प्रकोष्ठ/अनुभाग को अनुपालनार्थ।

22/1/21

(डॉ0 अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक